आईआईटी प्रशिक्षकों ने दिया प्रशिक्षण

▸ कम्प्यूटर शिक्षा आधारित स्पोकन ट्यूटोरियल कार्यक्रम

सांगोद

kota@patrika.com

यहां राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को पहली बार आईआईटी स्तर के प्रशिक्षकों से सीखने का मौका मिला।

मौका था भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान की ओर से आयोजित कम्प्यूटर शिक्षा आधारित स्पोकन ट्यूटोरियल कार्यक्रम का।

कार्यक्रम में आईआईटी मुम्बई के प्रशिक्षकों ने आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देशन में देशभर में संचालित हो रहे कार्यक्रम के तहत राजस्थान के छह राजकीय आईटीआई का कार्यक्रम आयोजन के लिए चयन हुआ था। तकनीकी शिक्षा विभाग जोधपुर द्वारा चयनित की गई इन आईटीआई में सांगोद आईटीआई भी शामिल थी। संस्थान अधीक्षक राजेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुम्बई स्थित महर्षि अरविन्द इंजीनियरिंग के प्रशिक्षक आशीष शर्मा व उनकी टीम के सदस्यों ने प्रशिक्षणार्थियों को कम्प्यूटर आधारित ऑडियो-वीडियो तकनीक के जरिए प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के क्षेत्र में बढ़ रही तकनीक की जानकारी दी। साथ ही इनके लाभों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित कर ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र देकर उनका सारा डाटा बैंक में संधारित किया जाता है, जिससे प्रमाणपत्रधारी प्रशिक्षणार्थी को प्लेसमेंट में वरीयता मिलती है।

सांगोद आईटीआई में कम्प्यूटर आधारित तकनीकी से प्रशिक्षण देते मुम्बई आईआईटी के प्रशिक्षक। पत्रिका